**<u>राज्य सभा</u>**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2703**

**09 अगस्त, 2017 को उत्तर के लिए**

## सरकारी उपक्रमों की भूमि पर इस्पात संयंत्रों की स्थापना

**2703. श्री सी॰ एम॰ रमेशः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार निजी पक्षकारों द्वारा सरकारी उपक्रमों की भूमि पर इस्पात संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि हाल ही में मंत्रिमंडल ने नई इस्पात नीति अनुमोदित की है और क्या उक्त (क) इसी नीतिगत पहल का अंश है; और

(घ) इस नीति से वर्तमान में इस्पात के 120 मिलियन टन उत्पादन को बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 300 मिलियन टन कैसे किया जाएगा?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): ऐसी कोई योजना नहीं है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): सरकार ने दिनांक 08.05.2017 को राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया। यह नीति कच्ची सामग्री, एमएसएमई क्षेत्र, मूल्यवर्द्धन, लॉजिस्टिक, गुणवत्ता नियंत्रण, प्रौद्योगिकीय दक्षता इत्यादि जैसे मुद्दों का निवारण करती है जो इस्पात क्षेत्र के संपूर्ण विकास हेतु रोडमेप प्रदान करती है।

*****